तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सवाई सिंह** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार सेखाला)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353379849851224	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24/03/25	अपीलार्थी सवाई सिंह निवासी करण सिंह की धनिया, केतु कलां ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 19.01.2025 को पटवार मंडल केतु कला के राजस्व ग्राम केतु करणगढ़ के खेत खाता संख्या 6 खसरा संख्या 308, 351 व 352 दिनांक 28.02.2023 को न्यायालय आदेश का नामान्तरण संख्या 2057 में प्रयुक्त दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार सेखाला) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार सेखाला) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार सेखाला) ने जरिये पत्रांक 02 दिनांक 26.02..2025 से बतलाया कि प्रार्थी को सूचना कार्यालय के पत्रांक 11 दिनांक 18.02.2025 द्वारा उपलब्ध करवाई गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by G...av Agrawal
Designation: Colle... & District Magistrate
Date: 2025.03.2... 2:52:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14336403